# प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 03.03.2026 समय : 18.30 पीएम

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ भारत, विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ हैं
- प्रदेश में जल्द ही चरणबद्ध तरीके से एच–पी–वी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की जायेगीं
- राज्य में आज रंगों और उमंग का पर्व धुलण्डी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया–कई हिस्सों में रंग कल खेला जायेगां
- जयपुर में 5 मार्च को होने वाली ब्रिक्स देशों की महत्वपूर्ण बैठक स्थगितं

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत मजबूत अर्थव्यवस्था के साथ विश्व के लिए आशा की किरण बना हुआ हैं आज पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि दुनिया विश्वसनीय और लचीले विनिर्माण साझेदारों की तलाश में हैं उन्होंने कहा कि भारत के पास इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर हैं

.....

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और देश के लिए अपार अवसरों के द्वार खुल गए हैं श्री मोदी ने उद्योगों से अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाने तथा गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह कियां उन्होंने कहा कि इस मिशन का लक्ष्य देश को उन्नत बायोफार्मा अनुसंधान और विनिर्माण में अग्रणी बनाना हैं

00000

प्रदेश में जल्द ही एच–पी–वी टीकाकरण के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगीं राज्य सरकार स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से इस विशेष अभियान को चरणबद्ध तरीके से लागू करेगीं अभियान के पहले चरण में 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को ये टीके लगाए जाएंगें

टीकाकरण विभाग के परियोजना निदेशक डॉ. रघुराज सिंह ने आकाशवाणी को बताया कि सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण की समुचित व्यवस्था की जा रही हैं उन्होंने बताया कि लाभार्थी 'यू–विन' एप या वेबसाइट के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकेंगें

0000

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण–यूआईडीएआई ने देशभर के एक लाख तीन हजार से अधिक स्कूलों में आधार कार्ड के अनिवार्य बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर ली हैं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, इस विशेष अभियान के माध्यम से लगभग एक करोड़ 20 लाख स्कूली छात्रों को उनके विद्यालय परिसर में ही आधार अपडेट करने की सुविधा दी गईं गौरतलब है कि यूआईडीएआई ने पिछले वर्ष सितंबर में स्कूली बच्चों के लिए 'मिशन मोड' पर आधार अपडेट करने का अभियान शुरू किया थां आधार में बायोमेट्रिक जानकारी अपडेट रहने से छात्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त करने में सुगमता होगीं इसके साथ ही, यह प्रक्रिया नीट, जेईई और सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की पंजीकरण प्रक्रिया में भी विशेष रूप से सहायक सिद्ध होगीं

0000

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना को और अधिक शक्तिशाली बनाने के लिए 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं नई दिल्ली में रक्षा सचिव की मौजूदगी में हुए इन अनुबंधों के तहत, बेंगलुरु की हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 6 उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर खरीदे जाएंगें 2 हजार 900 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले ये अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर तटरक्षक बल की कार्यक्षमता में बढ़ोतरी करेंगे, जिससे समुद्री सीमाओं और मछुआरों की सुरक्षा और अधिक पुख्ता हो सकेगीं इसके साथ ही, भारतीय नौसेना के लड़ाकू जहाजों को हवाई हमलों से बचाने के लिए रूस के साथ 2 हजार 182 करोड़ रुपये की मिसाइलों की खरीद का समझौता किया गया हैं ये मिसाइलें जमीन से हवा में मार करने में सक्षम हैं

0000

प्रदेशभर में आज रंगों और उमंग का पर्व धुलण्डी पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं सुबह से ही लोग एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दे रहे हैं चूरू में इस अवसर पर भारी उत्साह देखा गया, जहाँ आमजन के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों ने भी फाग गीतों के बीच रंगों के इस उत्सव में भाग लियां वहीं, जैसलमेर के ऐतिहासिक सोनार दुर्ग में सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार 'बादशाह और शहजादे' की भव्य झांकी निकाली गई ढोल–नगाड़ों की थाप पर निकली इस झांकी को देखने के लिए बड़ी संख्या में विदेशी सैलानी भी मौजूद रहे, जिनके लिए स्थानीय होटलों में हर्बल गुलाल और आर्गेनिक रंगों के विशेष इंतजाम किए गएं झुंझुनू के श्री नगर नरेश बालाजी मंदिर में सात सौ किलो फूलों से होली खेली गई यहाँ भजनों की धुनों के बीच श्रद्धालुओं ने एक–दूसरे पर फूल बरसा कर भक्ति और उल्लास के साथ पर्व मनायां दूसरी ओर, करौली में चन्द्र ग्रहण के प्रभाव और स्थानीय मान्यताओं के चलते आज धुलण्डी का पर्व आंशिक रूप से ही मनाया गयां त्योहार के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हैं पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने प्रदेशवासियों से सामाजिक समरसता के साथ त्योहार मनाने और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की हैं

0000

प्रदेश में आज चंद्र ग्रहण के सूतक और प्रभाव के कारण आस्था के प्रमुख केंद्रों और मंदिरों के पट बंद रहें ग्रहण काल के दौरान श्रद्धालुओं ने देवालयों के बाहर और अपने घरों में जप–तप और भजन–कीर्तन कर आराधना कीं चूरू में ग्रहण के चलते सुबह से ही मंदिरों के द्वार बंद कर दिए गए और आमजन घरों में ही कीर्तन करते नजर आएं ग्रहण के प्रभाव के कारण जिले के प्रमुख बाजार भी बंद रहे, जिससे रोजेदारों को आवश्यक सामग्री खरीदने में कुछ कठिनाई का सामना करना पड़ां वहीं, पाली जिले में भी ग्रहण के कारण मंदिरों में नियमित पूजा–अर्चना स्थगित रहीं जिले के जवाई और अन्य क्षेत्रों में बड़ी संख्या में देशी–विदेशी सैलानी पहुँच रहे हैं, जहाँ ग्रहण की समाप्ति के बाद विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारी की गई हैं उधर, भरतपुर में भी चंद्र ग्रहण के चलते धार्मिक स्थलों पर सन्नाटा पसरा रहां मंदिरों के पट बंद होने के बावजूद बड़ी संख्या में महिलाओं ने मंदिरों के बाहर बैठकर ठाकुरजी का गुणगान कियां

0000

कोटा जिले के सांगोद में सुप्रसिद्ध और ऐतिहासिक पाँच दिवसीय न्हाण लोकोत्सव की शुरुआत कल से होने जा रही हैं उत्सव के पहले दिन कल पारंपरिक 'घूघरी' का जुलूस निकाला जाएगां इस वर्ष उत्सव का विशेष आकर्षण हाईटेक स्वांग होंगे, जिनमें स्थानीय कलाकारों द्वारा आधुनिक तकनीक के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों और सामाजिक विसंगतियों पर आधारित झाँकियां तैयार की गई हैं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, पाँच और छह मार्च को चौधरी पाड़ा अखाड़े की ओर से 'बारह भाले' और 'बादशाह की सवारी' निकाली जाएगीं आठ और नौ मार्च को चौबे पाड़ा अखाड़े द्वारा इसी **तरह** के आयोजन किए जाएँगें

0000

जयपुर में 5 मार्च को होने वाली ब्रिक्स देशों की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई हैं इस बैठक में ब्रिक्स देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों को शामिल होना थां पश्चिम एशिया में बढते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई मार्गों पर पड़े असर और सुरक्षा स्थितियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया हैं इसी वजह से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने भी पश्चिम एशिया क्षेत्र में 5 और 6 मार्च को होने वाली 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं को फिलहाल टाल दिया हैं

00000

कोटपूतली–बहरोड़ जिले में मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 15 हजार से ज्यादा पशुपालकों ने पंजीकरण कराया हैं पशुपालन अधिकारी रामनिवास यादव ने बताया कि योजना के तहत एक जन आधार कार्ड पर लाभार्थी दो गाय, दो भैंस या दस भेड़, बकरी या ऊंट का बीमा करवा सकते हैं यदि किसी कारणवश बीमित पशु की मृत्यु हो जाती है, तो पशुपालक को बीमा कंपनी की ओर से अधिकतम चालीस हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाती हैं

0000

प्रदेश में सर्दी का असर कम होने के साथ ही अब गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं राज्य के कई जिलों में दिन का तापमान पैंतीस डिग्री सेल्सियस के पार पहुँच गया है, वहीं रात के पारे में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही हैं तापमान बढ़ने के कारण अब जनजीवन पर गर्मी का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखने लगा हैंवहीं, पश्चिमी राजस्थान के जिलों में तुलनात्मक रूप से गर्मी का असर अधिक बना हुआ हैं मौसम केंद्र, जयपुर के अनुसार, आने वाले एक सप्ताह के दौरान प्रदेश में  तापमान में और अधिक बढोतरी की संभावना हैं

0000